Country & Politics
कन्ट्री एण्ड पॉलिटिक्स

National Bilingual Weekly Newspaper

countaryandpolitics.in

Year :16 | Issue No. 19 | New Delhi | 2-8 Nov. 2026 | Rs. 5/- | Pages : 08

Ministry of Ayush Promotes 'Yoga for Unity' on National Unity Day 2026

Vipin Gaur

Delhi : On the occasion of National Unity Day (Rashtriya Ekta Diwas) 2026, commemorating the 151st birth anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel, the Ministry of Ayush is promoting the message of 'Yoga for Unity', highlighting the role of Yoga in fostering national integration, social harmony and collective well-being. The initiative, integrated with Yoga 365, aims to encourage citizens to make Yoga an integral part of their daily lives while strengthening the spirit of togetherness and shared responsibility towards health and well-being. The Ministry is encouraging its Yoga and Naturopathy institutions across the country to undertake activities that take the message of Yoga for Unity to communities and promote wider public participation. Shri Prataprao Jadhav, Union Minister of State (Independent Charge)



for Ayush and Minister of State for Health & Family Welfare, said, "Sardar Vallabhbhai Patel united the nation through his vision and determination. On National Unity Day, we must carry forward his message of unity through collective action. Yoga brings people together beyond differences of age, region and background, promoting physical and mental well-being. Through Yoga for Unity and Yoga 365, we encourage every citizen to embrace Yoga as a daily practice and contribute towards building a healthier and more united India."

Vaidya Rajesh Kotecha, Secretary, Ministry of Ayush, said, "Yoga offers a simple and accessible means of improving physical and mental well-being while fostering a sense of connection among individuals and communities. The Yoga 365 initiative encourages people to practise Yoga throughout the year, making preventive healthcare a part of everyday life. Through Yoga for Unity, we aim to strengthen this message and encourage wider community participation in building a culture of health, harmony and collective well-being." The campaign underscores that Yoga is not limited to a particular day or occasion but can be adopted as a sustainable daily practice that promotes individual health and strengthens community bonds. Collective Yoga sessions and public participation will help connect the spirit of national unity with preventive healthcare and healthy living. As part of the initiative, Yoga and Naturopathy institutions under the Ministry are being encouraged to organise activities to promote regular Yoga practice, community participation and awareness of its benefits. The campaign will also highlight Yoga 365 as an initiative to sustain public engagement with Yoga throughout the year, extending its reach beyond commemorative occasions. Through 'Yoga for Unity', the Ministry of Ayush reaffirms its commitment to promoting Yoga as an accessible practice for healthy living and collective well-being, while carrying forward the spirit of national integration and unity envisioned by Sardar Vallabhbhai Patel.

'Khadi Diwali Fest-2026' organized at Connaught Place

Delhi : To disseminate Prime Minister Shri Narendra Modi's vision of 'Swadeshi in every home,' 'Vocal for Local,' and 'Atmanirbhar Bharat' among the masses, the Khadi and Village Industries Commission (KVIC) organized the 'Khadi Diwali Fest-2026' at NDMC Palika Park, Connaught Place, New Delhi (opposite Regal Cinema). The event featured a special interaction with media representatives and a 'Diwali Milan' (Diwali get together). KVIC Chairman Shri Manoj Goel joined the event as the chief guest. Held under the theme 'Khadi-wali Diwali,' the event aims to encourage citizens to adopt Khadi and Swadeshi products during Diwali and other festivals, provide greater recognition to the creations of Indian artisans and rural entrepreneurs, and, in particular, connect the youth with the Swadeshi movement. Speaking on the occasion, KVIC Chairman Shri Manoj Goel opined that the Father of the Nation, Mahatma Gandhi, envisioned Khadi not merely as a fabric, but as a symbol of self-reliance, self-respect, and economic independence. Today, under the leadership of Prime Minister Shri Narendra Modi, the Khadi and *Swadeshi* (indigenous) movement has gained new momentum and widespread public participation.



Glimpses of the 'Know Your Leader' program on the occasion of Sardar Vallabhbhai Patel's birth anniversary at Parliament House, in New Delhi

EPFO's 74-Year Journey Built on Trust, Service and Commitment to Workers: Dr. Mansukh Mandaviya

Delhi : Employees' Provident Fund Organisation (EPFO) celebrated its 74th Foundation Day today at Dr. Ambedkar International Centre, New Delhi, marking its journey from a statutory provident fund organisation to one of India's foremost social security institutions, with a renewed commitment to technology-enabled service delivery, compassion in governance and the welfare of millions of workers and pensioners. The celebration was presided over by Dr. Mansukh Mandviya, Union Minister for Labour & Employment and Youth & Sports Affairs and Chairman, Central Board of Trustees (EPF). Shri Chandra Bhushan Kumar, Secretary, Ministry of Labour & Employment and Shri Ramesh Krishnamurthi, Central Provident Fund Commissioner, Members of the Central Board of Trustees, workers, employers and other stakeholders also graced the occasion. Addressing the gathering, Union Minister for Labour & Employment and Youth Affairs & Sports, Dr. Mansukh Mandaviya highlighted that over its 74-year journey, EPFO has emerged as a trusted institution for the workforce of the country. He noted that the trust reposed in the Organisation is reflected in the ₹32 lakh crore corpus accumulated through contributions from more than 8 crore members, made possible by the dedication, hard work and commitment of the EPFO workforce. Emphasising that social security must be driven by human sensitivity, Dr. Mandaviya stressed that every concern and grievance of workers must be addressed with compassion and empathy, viewing each worker with the respect and dignity they deserve as nation-builders. Commending the relentless efforts behind technological transformations like CITES 2.01, he called upon every official to focus on the welfare of the worker at the last mile. He urged officials to take inspiration from the 'Panch Pran' articulated by Prime Minister Shri Narendra Modi. "Seva is our sanskaar," Dr. Mandaviya underlined, and encouraged all to contribute towards accomplishing the goal of Viksit Bharat. The Union Minister urged officials to focus on worker-centric innovations across domains in the run-up to EPFO's 75th year, adapting, building resilience, and evolving processes in tandem with changing times. He also extended Diwali greetings and wished for the light of success and prosperity in the lives of all EPFO officials, members and beneficiaries.

INSIDE STORY

भविष्य के लिए भारत की रणनीतिक तैयारी... 2

4 भाजपा के रणनीतिक. रों के सामने कई....

Halasuru police booked Conrad Hotel.... 6

7 Indian Railways Observes Rashtriya Ekta Diwas and Swachhata Hi....

फेसबुक पर 'कंट्री एंड पालिटिक्स' की खबरें पढ़ने के लिए लाईक करे हमारा पेज **country&politics** व वेबसाईट पर जाए **countryandpolitics.in**

सम्पादकीय

छोटा चुनाव बड़े सबक

विपिन गौड़

उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक की 28 विधान परिषद सीटों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। सर्वाधिक 11 सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश का चुनाव परिणाम आ चुका है जो भाजपा तथा सपा के बीच 6–5 के परिणाम से समाप्त हुआ। यह था तो छोटा चुनाव किंतु इस पर सभी रा. जनैतिक विश्लेषकों की दृष्टि थी कि 2027 विधानसभा चुनाव के पहले कौन क्लीन स्वीप करता है किंतु शिक्षकों व स्नातकों ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि आगामी चुनाव किसी भी दल या गठबंधन के लिए बहुत आसान नहीं होंगे। मुकाबला कांटे का होगा। जिस दल के प्रत्याशी व कार्यकर्ता धरातल पर उतर कर अपने मतदाताओं के साथ गहन संपर्क व संवाद में रहेंगे उन्हीं को लाभ होगा।विधान परिषद चुनावों में भाजपा मात्र छह सीटों पर पर अपनी साख बचाने में सफल रही जबकि समाजवादी पार्टी अपने पीडीए के बल पर पांच सीटें जीतने में सफल रही और यही नहीं उसने वाराणसी, आगरा व लखनऊ में बीजेपी के गढ़ों में परचम फहराकर भाजपा के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दीं। अब सपा में उत्साह का वातावरण है। उसके नेता व प्रवक्ता कह रहे हैं कि वर्ष 2024 में अयोध्या में भगवान राम का आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हुआ और अब 2026 में काशी की नगरी में महादेव और लखनऊ में प्रभु श्रीराम के अनुज लक्ष्मणजी का भी आशीर्वाद मिल चुका है। सफलता से उत्साहित समाजवादी पार्टी अब इसी नैरेटिव को आगे बढ़ाएगी।भारतीय जनता पार्टी के लिए अत्यंत सतर्क हो जाने का समय आ गया है। यदि वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के मतदाताओं ने जो रवैया दिखाया था और सपा –कांग्रेस गठबंधन ने प्रदेश में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें जीत ली थीं अगर वही रुख अभी भी बरकार है तब यह परिस्थितियों को और भी कठिन बना सकता है। भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ा झटका रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के संसदीय क्षेत्र लखनऊ की स्नातक सीट पर लगा है। यहाँ पार्टी के प्रत्याशी इंजीनियर अवनीश सिंह को सपा प्रत्याशी कांति सिंह ने बहुत आसानी से पराजित कर दिया। यह स्पष्ट संकेत है कि अगर भाजपा ने अपना चुनावी प्रबंधन और कार्यकर्ताओं व मतदाताओं के मध्य अपना संवाद, संपर्क, व्यवहार नहीं सुधारा तो फिरऔर भी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वाराणसी का परिणम भी स्थिति को गंभीर बना रहा है। प्रदेश के संगठन पर सवालिया निशान भी उठ रहे हैं। वाराणसी का जनमानस प्रश्न कर रहा है कि जो उम्मीदवार पिछले चुनावों में पराजित हो चुका था, जनता के मध्य कभी नहीं रहता, केवल चुनावो के छह महीने पूर्व गणेश परिक्रमा करके पार्टी का टिकट कैसे लेकर आ जाता है? ऐसी परिस्थितियों में उन कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है जो धरातल पर उतरकर पार्टी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे होते हैं। वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में जितना विकास हुआ है उतनी किसी ने कल्पना भी नहीं करी थी फिर भी वहां भाजपा के वोट प्रतिशत में लगातार गिरावट और विधान परिषद की दोनों सीटों पर हार भाजपा के लिए चिंता का विषय है। काशी विश्वनाथ मंदिर का भव्य कारिडोर बना, जिससे पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई, रोप–वे बन रहा है, वाराणसी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मिलने जा रहा है, रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर क्रियाशील है, काशी को सांस्कृतिक–आध्यात्मिक गतिविधियों पूरे भारत से से जोड़ा जा रहा है, निवेशक आ रहे हैं, काशी –तमिल संगमम का आयोजन किया जा रहा है। इस सबके बाद भी वाराणसी में एमएलसी चुनावों में दोनों सीटों पर पराजय स्थानीय नेतृत्व पर सवाल खड़े कर रही है। वाराणसी की पराजय से यह बात भी उठ रही है कि वाराणसी नगर भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। भाजपा के लिए अच्छी बात ये है कि विधानसभा चुनावों के पूर्व एक लिटमस टेस्ट हो गया। अभी भी भाजपा के पास कार्यकर्ताओं में उत्साह जागरण तथा अपनी रणनीति नए सिरे से गढ़ने के लिए पर्याप्त समय है। प्रदेश भाजपा की नवगठित कर्यकारिणी की बैठक होने जा रही है जिसमें हर बिंदु पर चर्चा होगी। यहाँ अमित शाह जी की अध्यक्षता में कड़े कदम भी उठाए जा सकते हैं। दीपावली के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियां तथा भाजपा का चुनाव अभियान प्रारंभ होगा। भाजपा के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि जनमानस तो योगी–योगी कर रहा है किंतु कार्यकर्ताओं में उत्साह नहीं है। भाजपा के लिए अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह जगाने का समय है क्योंकि विभिन्न कारणों से उणमें धरातल पर उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है। अगर बीजेपी का कार्यकर्ता उत्साहित हो गया और घरों से निकल पड़ा तो फिर भाजपा आसानी से तीन सौ पार जा सकती है। भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की नाराजगी जितनी जल्दी जितना कम कर लेगी, टिकट वितरण सही होगा, योगी आदित्यनाथ सरकार चुनावों से पूर्व एक लाख नौकरी देने का वादा सफलतापूर्वक पूरा कर लेगी और साथ ही अगर 69,000 शिक्षकों की भर्ती का मामला सुप्रीम कोर्ट से सुलझ जाएगा तो विधानसभा चुनाव भाजपा के नियंत्रण में आ जाएगा।

भविष्य के लिए भारत की रणनीतिक तैयारी

अरुणाचल प्रदेश की सियांग नदी पर प्रस्तावित 11,200 मेगावाट की सियांग अपर मल्टीपर्पज परियोजना ैन्डच) के विरोध में उठे स्वरों का लगातार तेज होना केंद्र और राज्य सरकार के लिए मुश्किलों का सबब बन गया है। हालांकि यह बात भी सही है कि जब चीन तिब्बत में ब्रह्मपुत्र पर दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं में से एक बना रहा है, तब भारत के लिए चुप बैठना आसान नहीं है। लेकिन इस परियोजना के खिलाफ सड़कों पर उतरे स्थानीय लोगों की नाराजगी भी नजर. अंदाज नहीं की जा सकती। देखा जाये तो एक तरफ चीन की चुनौती है, तो दूसरी तरफ अपनी जमीन, जंगल और पहचान बचाने की लड़ाई है। सवाल यह है कि चीन की बढ़ती ताकत का मुकाबला करने के लिए भारत को क्या करना चाहिए और इस कोशिश में अपने ही सीमावर्ती नागरिकों का भरोसा कैसे बनाए रखना चाहिए?हम आपको बता दें कि तिब्बत में ब्रह्मपुत्र की ऊपरी धारा यारलुंग त्सांगपो पर चीन लगभग 60,000 मेगावाट क्षमता की विशाल जलविद्युत परियोजना बना रहा है। यह भारत के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यही नदी अरुणाचल प्रदेश में सियांग और आगे असम में ब्रह्मपुत्र कहलाती है। नदी के ऊपरी हिस्से पर चीन की बढ़ती क्षमता भारत के सामने जल प्रवाह, बाढ़ प्रबंधन और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े सवाल खड़े करती है। वहीं भारत की प्रस्तावित सियांग परियोजना चीन की बढ़ती जलविद्युत ताकत का जवाब देने की दिशा में एक अहम कदम है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के मुताबिक, इस परियोजना में करीब 9.2 अरब घन मीटर पानी जमा करने की क्षमता होगी, जबकि चीन की परियोजना की अनुमा. नित भंडारण क्षमता करीब 5.5 अरब घन मीटर है। यानी बिजली उत्पादन में चीन का बांध बड़ा हो सकता है, लेकिन पानी जमा करने के मामले में भारत की प्रस्तावित परियोजना अधिक सक्षम हो सकती है। यही इसकी सबसे बड़ी रणनीतिक ताकत है। अगर चीन भविष्य में ब्रह्मपुत्र के पानी के प्रवाह में बदलाव करता है, तो सियांग परियोजना भारत को जल प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण के लिए एक महत्वपूर्ण विकल्प दे सकती है। इसलिए यह परियोजना केवल बिजली बनाने तक सीमित नहीं, बल्कि भारत की जल सुरक्षा मजबूत करने और चीन के मुकाबले अपनी रणनीतिक स्थिति बेहतर बनाने का भी अवसर है।जहां तक इस परियोजना के विरोध की बात है तो आपको बता दें कि 23 अक्टूबर की रात पासीघाट में परियोजना विरोधी प्रदर्शन हिंसक हो गए। छभ्ब्ब् कार्यालय और पुलिस थाने में आगजनी हुई तथा राजनीतिक प्रति. निधियों के आवासों में तोड़फोड़ और लूटपाट की घटनाएं सामने आईं। पु. लिसकर्मियों के घायल होने के बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की और सार्वजनिक जमावड़े पर प्रतिबंध लगाए। इस घटनाक्रम ने सरकार और स्थानीय संगठनों के बीच पहले से मौजूद अविश्वास को और उजागर किया। रिपोर्टों के मुताबिक स्थानीय संगठनों ने यहां तक आरोप लगाया है कि केंद्र की परियोजना संबंधी पहल सियांग क्षेत्र को भारत–चीन रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का मैदान बना रही है। आदि बाने केबांग–यूनाइटेड नामक संगठन के प्रवक्ता दातिक रतन ने परियोजना के सर्वेक्षण, स्थानीय सहमति और पैतृक भूमि के अधिकारों को लेकर सवाल उठाए। संगठन ने दावा किया कि प्रभावित गांवों के लगभग 80 प्रतिशत परिवार परियोजना का विरोध कर रहे हैं। संगठन ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू को सार्वजनिक बहस की चुनौती भी दी और कहा कि वह विकास के खिलाफ नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों की अनदेखी करके विकास थोपे जाने के खिलाफ है। देखा जाये तो इस विवाद का सबसे संवेदनशील पहलू स्थानीय लोगों की पहचान, सम्मान और सुरक्षा की भावना है। साथ ही आदि और गालो समुदायों के लिए सियांग नदी सिर्फ पानी का स्रोत नहीं, बल्कि उनकी कृषि, सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक जीवन और पूर्वजों की भूमि का आधार है। विरोधी संगठनों का दावा है कि प्रस्तावित जलाशय से 27 गांव डूब सकते हैं और लगभग डेढ़ लाख लोग विस्थापित हो सकते हैं। इसके अलावा, सीमावर्ती समुदाय भारत की सुरक्षा और संप्रभुता के महत्वपूर्ण साझेदार हैं। यदि उन्हें लगता है कि उनकी जमीन, संस्कृति और भविष्य के बारे में निर्णय उनकी आवाज सुने बिना लिए जा रहे हैं, तो अविश्वास बढ़ सकता है। देखा जाये तो चीन के सामने भारत की स्थिति मजबूत करने के लिए स्थानीय नागरिकों के साथ विश्वास का रिश्ता कमजोर करना किसी भी रणनीति के लिए नुकसानदेह होगा। हम आपको यह भी बता दें कि इस परियोजना के विरोध पर सवाल भी उठ रहे हैं। सियांग परियोजना पर अरुणाचल की राजनीति में अलग–अलग रुख दिखाई दे रहे हैं। कुछ नेता और संगठन इसे चीन की चुनौती का जवाब मानते हैं, जबकि दूसरे समूह इसे स्थानीय अस्तित्व और पर्यावरण से जुड़ा खतरा बताते हैं। बांध बनने के फायदे और न बनने की संभावित कीमत की यदि बात करें तो परियोजना के संभावित लाभों में बड़े पैमाने पर बिजली उत्पादन, रा. जगार, बुनियादी ढांचे का विकास और जल भंडारण की अतिरिक्त क्षमता शामिल हैं। चीन की विशाल परियोजना के संदर्भ में यह भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक विकल्प दे सकती है। दूसरी ओर, हिमालयी क्षेत्र में भूकंप, भूस्खलन और अत्यधिक वर्षा जैसे जोखिम हैं। विस्थापन, उपजाऊ खेतों, जंगलों और ऐतिहासिक धरोहरों पर प्रभाव का निष्पक्ष मूल्यांकन भी जरूरी है। हम आपको यह भी बता दें कि सियांग परियोजना अभी पूर्व–व्यवहार्यता अध्ययन के चरण में है, लेकिन इसे केवल आज के फायदे–नुकसान के नजरिये से देखना पर्याप्त नहीं होगा। सवाल आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा का भी है। तिब्बत में ब्रह्मपुत्र की ऊपरी धारा पर चीन जिस विशाल जलविद्युत परियोजना का निर्माण कर रहा है, उसके मद्देनजर भारत को भी अपनी जल सुरक्षा मजबूत करने के लिए समय रहते तैयारी करनी होगी। रणनीतिक चुनौतियों का जवाब संकट सिर पर आने के बाद नहीं, बल्कि पहले से तैयारी करके दिया जाता है। सियांग परियोजना भारत को बिजली उत्पादन, जल भंडारण और बाढ़ प्रबंधन की अति. रिक्त क्षमता दे सकती है। इसलिए इसके हर पहलू का गंभीरता से अध्ययन करना और इसकी संभावनाओं को आगे बढ़ाना देश के दीर्घकालिक हित में महत्वपूर्ण है। यह सही है कि स्थानीय लोगों की जमीन, आजीविका, संस्कृति और पर्यावरण से जुड़ी चिंताएं अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इन चिंताओं को दूर करे, प्रभावित परिवारों के अधिकारों की रक्षा करे और किसी भी संभावित नुकसान के लिए उचित पुनर्वास तथा मुआवजे की व्यवस्था सुनिश्चित करे। लेकिन लोगों को भी यह समझना होगा कि किसी परियोजना से जुड़ी आशंक. ाओं और उसके वास्तविक परिणामों में अंतर हो सकता है। अधूरी जानकारी, अफवाहों या राजनीतिक दावों के आधार पर फैसला करने के बजाय उन्हें तथ्यों, वैज्ञानिक आकलन और व्यापक राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखना चाहिए। आज की तैयारी कल की सुरक्षा बन सकती है। यदि वैज्ञानिक अध्ययन यह साबित करते हैं कि सियांग परियोजना सुरक्षित और उपयोगी ढंग से बनाई जा सकती है, तो उसके रास्ते में आने वाली समस्याओं का समाधान खोजने के लिए सरकार और स्थानीय समुदायों को मिलकर काम करना चाहिए। देशहित में कभी–कभी कठिन फैसले लेने पड़ते हैं, लेकिन उन फैसलों का बोझ किसी एक समुदाय पर नहीं डाला जाना चाहिए। संभावित स्थानीय नुकसान को कम करना और प्रभावित लोगों को न्याय देना भी उतना ही जरूरी है जितना देश की सामरिक क्षमता बढ़ाना। बहरहाल, चीन की चुनौती का सामना करने के लिए भारत को मजबूत बुनियादी ढांचे, बेहतर जल प्रबंधन और दूरदर्शी रणनीति की जरूरत है। सियांग परियोजना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण विकल्प हो सकती है। इसलिए स्थानीय लोगों को विरोध और समर्थन के बीच किसी एक पक्ष को आंख मूंदकर चुनने के बजाय तथ्यों को समझना चाहिए, अपने अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए और साथ ही देश की सुरक्षा से जुड़े व्यापक सवालों पर भी विचार करना चाहिए। आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित जल संसाधन, मजबूत सीमाएं और विकास के अवसर देना आज की जिम्मेदारी है।

फेसबुक पर 'कंट्री एंड पालिटिक्स' की खबरें पढ़ने के लिए लाइक करें हमारा पेज
country & politics

Ex-CM Mamata is now fighting from New Delhi after being rejected by Glorious Bengal

PRANAB KUMAR DAS
BUREAU CHIEF
KOLKATA

NABANNA (WEST BENGAL): The First Woman Chief Minister was Mamata Banerjee in the State. She was earlier involved with Indian National Congress as an important leader. She along with her faithful followers left the Congress party and formed Trinamool Congress in 1998. As a TMC leader Mamata came to power with massive mandate. Her party was in power from 2011 to 2026. Mamata had been elected three times as State Chief Minister in West Bengal. Miss Mamata is always a controversial political personality in the eyes of the common people. She is, however, familiar among different politicians as eccentric and uncontrolled ignoring constitutional and parliamentary rules. It was found during West Bengal Legislative Assembly session on the Floor of the House. She always likes to go on with her own style. Mamata was accustomed for using irrelevant words and undemocratic language on the Floor of the House. On this ground, she had been severely criticized frequently by a section of thinking personality in our society.

TMC leaders and workers of grass-root level in village areas including Kolkata City became allegedly very horrible. Those horrible political persons were allegedly more dreadful than previous Communist Party of India (Marxist)-led Left Front Government. The Marxist Government was in power from 1977 to 2011. The Marxist Party was known among the common people as "Friend of Poor". Gradually, Marxist Party was building up close relationship with Capitalist group for its vested interest. Naturally, a distance between Party and common people was being focused then. Common persons were being allegedly neglected from all sorts of Government allotted rights and facilities. People of West Bengal could not tolerate any more and was compelled to leave following massive movements by TMC and other bereaved political parties through Elections.

During TMC regime, Chief Minister Mamata was familiar as extreme high. Her popularity was reportedly remarkable. Particularly, role of Mamata was once unquestionably beyond the question. A section of working media persons could have seen most of the time surrounding Mamata motivatedly. Those identified persons including women were often travelled with Chief Minister Mamata in abroad. The reason of travelling has not allegedly yet known. Three times elected TMC ruled Government was defeated shockingly by the Bharatiya Janata Party. People became very aggrieved upon Mamata ruled biased administration. Some administrative senior officials and senior police officials were feeling unhappy following misbehavior of CM Mamata and her alleged obedient political leaders. TMC party was defeated by BJP shockingly through Assembly Elections.

On the counting day on 4 May in 2026, when asked by this Journalist of a New Delhi based English Newspaper, she would be able to organize movement against BJP ruled new Government in West Bengal. Known as a dynamic leader in politics, Mamata certainly told this Correspondent with determinedly that she would start again her movement against BJP ruled Government in State and in Central. On 1 November, ex-CM Mamata went to New Delhi to participate in a mass rally, organized by Opposition group. Purpose is for fair country wide Elections and removal of Chief Election Commissioner Gyanesh Kumar. It is true that CPI)M) and TMC both have been rejected tremendously by the People of West Bengal State following their political failure shamefully. Leaders, workers, MPs', and MLAs' of newly elected BJP ruled Government from West Bengal should allegedly be avoided arrogance and wrongful attitude towards the common people and faithful working Media persons.

The Cockroach Revolt: Political Awakening or a Manufactured Opposition?

Vaidehi Taman

Indian politics is entering a period of profound uncertainty, where political loyalty is no longer synonymous with unquestioning obedience and dissent is emerging from quarters once considered firmly aligned with the establishment. Rahul Gandhi's increasingly assertive opposition, controversies surrounding electoral integrity, growing student activism and the emergence of the Cockroach Janta Party (CJP) have complicated the BJP's political calculations. Yet beneath this apparent democratic resurgence lies an uncomfortable question: is India witnessing a genuine rebellion against entrenched power, or another sophisticated exercise in managing public discontent?The Cockroach Janta Party is an intriguing political phenomenon. Its unconventional identity and confrontational activism have attracted attention, but its ambiguous political positioning has also invited suspicion. Critics have questioned whether CJP functions as the BJP's unofficial B-team, potentially fragmenting opposition sentiment while maintaining the appearance of independent resistance. Such allegations remain unsubstantiated, but the political question is legitimate. Who finances its activities? Who determines its strategy? Why do its interventions sometimes appear to complement established opposition movements while simultaneously provoking doubts about their political consequences? These questions require transparent answers, not conspiratorial assumptionsThe perception that CJP enjoys unusual official tolerance has strengthened such speculation among its detractors. Yet reports of police restrictions and detentions involving its activists complicate the allegation of uninterrupted governmental indulgence. Neither police action nor permission to protest conclusively establishes political independence or covert patronage. The real test is consistency. An authentic movement must demonstrate that its principles remain unchanged regardless of which political party benefits from its agitation.The emergence of activists such as Neha Bora reflects a wider impatience among young Indians who are increasingly unwilling to remain passive spectators in a political system dominated by familiar personalities. Their assertiveness has attracted attention across ideological boundaries, including among citizens who have traditionally supported Modi. But visibility is not credibility, and public admiration is not political legitimacy. A movement that begins with defiance must eventually establish its intellectual foundation, financial transparency and constructive purpose. Otherwise, rebellion risks becoming another marketable political spectacle.□

Rahul Gandhi and the opposition face a different but equally demanding challenge. Their sustained criticism of the Modi government has sharpened debates concerning electoral accountability, institutional independence and unfulfilled promises. However, opposition unity cannot survive indefinitely upon shared hostility towards one individual. Regional rivalries, ideological contradictions and leadership ambitions remain formidable obstacles. Removing a government is an electoral objective; presenting a credible alternative is a democratic responsibility. The opposition must demonstrate that its political imagination extends beyond Modi.The controversy surrounding the Special Intensive Revision of electoral rolls has further deepened public distrust. Allegations of voter exclusion, demands for ballot-paper voting and accusations of vote chori have brought electoral administration under intense scrutiny. These concerns deserve independent examination, but suspicion cannot substitute for evidence. The Election Commission must ensure transparent procedures, accessible appeals and verifiable safeguards. Equally, political parties must distinguish documented irregularities from allegations that remain unproven. Electoral credibility cannot rest upon institutional assurances alone, but neither can it be destroyed through unverified accusations.□

The BJP, meanwhile, confronts a question that its formidable electoral machinery cannot indefinitely evade: what comes after Narendra Modi? The party's earlier emphasis on generational transition around the age of seventy-five, although never an absolute constitutional rule, sits uneasily beside its continued dependence upon Modi's leadership. The contradiction is political rather than legal. A party that once celebrated organisational discipline and leadership renewal must eventually demonstrate that its institutional strength is not inseparable from one personality.Modi's dominance has given the BJP a distinctive political identity, but excessive centralisation carries an inherent succession dilemma. Amit Shah, Yogi Adityanath and other prominent leaders possess different organisational and political strengths, yet replacing a leader whose image has become virtually synonymous with the party requires more than selecting a successor. It demands internal consensus, coalition management and a coherent political vision. Speculation about Modi stepping aside remains speculation, but the absence of an openly articulated succession framework invites legitimate scrutiny. A political party that cannot comfortably imagine its future beyond one individual has already exposed the limitations of its institutional confidence.

भाजपा के रणनीतिकारों के सामने कई सवाल छोड़ गया एमएलसी चुनाव!

देश के चार राज्यों (उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक) की 28 विधान परिषद (एमएलसी) सीटों पर चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं, सभी राजनीतिक दल व विश्लेषक परिणामों का अध्ययन करके उसके अपने–अपने लाभ–हानि के हिसाब से मायने निकाल रहे हैं। लेकिन इस बार का यह चुनाव कई ऐसे सवाल छोड़ गया है जिनका जवाब राजनीतिक दलों के रणनीतिकारों के साथ विशेषकर उत्तर प्रदेश के संदर्भ में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को जल्द से जल्द तलाश ना होगा। क्योंकि भाजपा को अन्य दलों से अलग मानते हुए किसी व्यक्ति या परिवार की जागीर की जगह संगठन को सर्वोपरि मानने वाला राजनीतिक दल माना जाता है और वैसे भी अंदरूनी गुटबाजी से दूर अनुशासन वाली पार्टी मानने का दावा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा हमेशा सार्वजनिक रूप भी किया जाता है। लेकिन एमएलसी के चुनावों के परिणामों पर गौर करें तो उत्तर प्रदेश की हॉट सीट वाराणसी, लखनऊ व महाराष्ट्र में नागपुर जैसी हाईप्रोफाइल सीट पर हारने के पीछे भाजपा के कुछ राजनेताओं की अति महत्वाकांक्षा व अनुशासन का तार–तार होना बहुत बड़ी वजह माना जा रहा है। पहले पार्टी के अधिकांश राजनेता व कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए धरातल पर नजर आते थे, लेकिन लंबे समय से सत्ता का सुख लगातार भोगने के कारण अब पार्टी के कुछ रा. जनेताओं का अहंकार अपने चरम पर है और वह सत्ता के मद में चूर होकर के जनता को ठेंगा दिखाकर चिढ़ाते हुए पार्टी के केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व तक के भी दिशा–निर्देशों की आये दिन अनदेखी करने का कार्य कर रहे हैं।

जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के दौर की भारतीय जनता पार्टी की पहचान एक ऐसे राजनीतिक दल के रूप में होती है, जिसके कार्यकर्ता व नेता किसी भी स्तर के चुनाव को हल्के में नहीं लेते हैं। लेकिन जिस तरह से उत्तर प्रदेश के एमएलसी चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन रहा है, उसने तो पार्टी के रणनीतिकारों को जीती हुई व हारी हुई सभी ही सीटों के परिणाम पर विस्. तार से विश्लेषण करने के लिए सोचने पर मजबूर कर ही दिया है। क्योंकि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव हैं, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को योगी सरकार के कार्यों के दम पर चुनावों में जीत की हैट्रिक लगाने की पूरी उम्मीद है। जिस वक्त में यूपी के विधानसभा चुनाव सर पर हैं उस वक्त में पार्टी के शीर्ष रणनीतिकार एमएलसी चुनावों में हर सीट पर भा. जपा प्रत्याशी की जीत का अंतर बढ़ाकर के विपक्षी दलों के जनता की अदालत से पैर उखाड़कर के भाजपा के पक्ष में माहौल बनाना चाहते थे। लेकिन सूत्रों के अनुसार लगातार मी.ि टंग व ईटिंग के बाद भी कुछ भाजपा नेताओं की ही चीटिंग के चलते भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का यह दांव जन अदालत में उल्टा हो गया है, जिसका खामियाजा भारतीय जनता पार्टी को एमएलसी चुनावों की रणभूमि में कुछ सीटों पर हार के रूप में उठाना पड़ा है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सीट वाराणसी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सीट लखनऊ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गढ़ नागपुर के एमएलसी सीटों के इन चुनाव परिणामों के बाद अब पार्टी में ही संगठन की रणनीति और प्रत्याशी चयन पर सवाल उठाने की गुपचुप सुगबुगाहट शुरू हो गई है। वहीं कुछ राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो हाईप्रोफाइल सीटों के साथ–साथ बाकी सीटों पर भी जीत

का अंतर भाजपा के कुछ अपने ही ला. `गों का भीतरघात, दावेदारों व अन्य जिम्मेदार लोगों के द्वारा सही ढंग से वोट नहीं बनवाने, प्रत्याशी चयन पर सवाल, संगठन के द्वारा बनाई गई जीत की रणनीति और कुछ अपनों के ही द्वारा चुनाव में की गयी चीटिंग की चीख–चीखकर के स्वयं ही पोल खोलने का कार्य रही है। ऐसी स्थिति में विचारणीय तथ्य यह है कि उत्तर प्रदेश में आगामी वर्ष 2027 में विधानसभा के चुनाव हैं, भाजपा के केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व आये दिन चुनावी रणभूमि के लिए सटीक कारगर रणनीति बनाने के लिए छोटी व बड़ी मीटिंग करते रहते हैं और इन मीटिंग में केंद्रीय व प्रदेश स्तर के नेताओं से लेकर के भाजपा के मंडल स्तर के ने. ताओं व कार्यकर्ताओं तक की भी मौज. ूदगी समय–समय पर रहती है, मीटिंग में पार्टी के नेताओं के द्वारा चुनावी रणभूमि के लिए एक चाक–चौबंद रणनीति बनायी जाती है। लेकिन सूत्रों के अनुसार पार्टी में अब एक ऐसा लंबा–चौड़ा धड़ा तैयार हो गया है जो मीटिंग के बाद में ईटिंग कर निकलने के बाद से ही गुटबाजी व अपनी महत्वाकांक्षाओं के चलते संगठन सर्वो. परि के भाव का त्याग करके चीटिंग करने में लग जाता है। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सम्पन्न हुए उत्तर प्रदेश के 11 एमएलसी सीटों के चुनाव भी हैं, इन 11 सीटों में भाजपा 6 सीटें और समाजवादी पार्टी 5 सीटें जीती है। लेकिन सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि हार के साथ–साथ कुछ सीटों पर तो जैसे–तैसे ही भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है। हालांकि चुनाव परिणामों में दस सीटों पर सिटिंग एमएलसी ही दोबारा चुन लिए गए हैं। केवल लखनऊ स्नातक सीट पर ही बड़ा उलटफेर हुआ है, यहां भाजपा के मौजूदा एमएलसी अवनीश कुमार सिंह को सपा की कांति सिंह ने हरा दिया है। वैसे देखें तो वर्ष 2020 में इन सभी 11 सीटों के चुनाव में भाजपा ने छह, समाजवादी पार्टी ने तीन और निर्दलीय उम्मीदवारों ने दो सीटों पर जीत हासिल की थी, वहीं इस बार भाजपा की सीटें तो छह ही रह गई, लेकिन सपा की सीट तीन से बढ़कर के पांच सीट हो गई हैं। चुनावों के यह परिणाम उत्तर प्रदेश की रा. जनीति में भाजपा में अंदरुनी गुटबाजी और भविष्य में चुनावी रणभूमि में कांटे की टक्कर होने का संकेत दे रहे हैं। जो स्थिति उत्तर प्रदेश में हैट्रिक लगाने का सपना देख रही भाजपा हाईकमान के लिए एक गहन आत्ममंथन का विषय है।

हालांकि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के चुनावी तरकश में हैट्रिक लगाने के लिए जन अदालत में बताने के लिए कानून व्यवस्था में लेकर के बहुत सारे सरकार के शानदार कार्य हैं, लेकिन इन कार्यों पर पार्टी के कुछ शीर्ष रा. जनेताओं की अंदरूनी खींचतान, जबरदस्त आपसी गुटबाजी व महत्वकांक्षाएं भारी ना पड़े, इसके लिए समय रहते ही भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को ठोस व प्रभावी उपाय धरातल पर करने होंगे।वहीं कुछ राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो हाईप्रोफाइल सीटों के साथ–साथ बाकी सीटों पर भी जीत का अंतर भाजपा के कुछ अपने ही लोगों का भीतरघात, दावेदारों व अन्य जिम्मेदार लोगों के द्वारा सही ढंग से वोट नहीं बनवाने, प्रत्याशी चयन पर सवाल, संगठन के द्वारा बनाई गई जीत की रणनीति और कुछ अपनों के ही द्वारा चुनाव में की गयी चीटिंग की चीख–चीखकर के स्वयं ही पोल खोलने का कार्य रही है।

श्रीकृष्ण पर विवादित बयान की सपा ने की निंदा, दंडात्मक कार्रवाई की मांग

लखनऊ, दो नवंबर समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का नाम लिए बिना भगवान श्रीकृष्ण पर उनकी कथित टिप्पणी की सोमवार को कड़ी आलोचना की और इस मामले का उच्चतम स्तर पर संज्ञान लेकर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की मांग की। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, मध्य प्रदेश में शिवपुरी जिले के करैरा में श्रीराम कथा के दौरान बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण की तुलना करते हुए कथित तौर पर विवादित टिप्पणी की थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस टिप्पणी पर संत समाज के एक वर्ग की आपत्ति के बाद शास्त्री ने सफाई देते हुए कहा था कि उनका राम और कृष्ण के बीच भेद पैदा करने का कोई इरादा नहीं था।अखिलेश ने सोमवार शाम सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सुदर्शन चक्रधारी भगवान श्रीकृष्ण का एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, ''बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आ. पत्तिजनक है कि कोई राजनीतिक प्रश्रय प्राप्त 'लघु–बंधु' बनकर घूम रहा व्यक्ति सनातन समाज की एकता को तोड़ने का अति निंदनीय कार्य कर रहा है।'' उन्होंने कहा कि पूज्य अवतारों के बीच अपमानजनक तुलना कर एक अवतार को दूसरे से बेहतर बताने की साजिश सनातन समाज के विरुद्ध गहरी चाल है। यादव ने कहा, ''लोकरक्षक और लोकरंजक दोनों एक ही के अवतार हैं, फिर ऐसी गरिमाहीन तुलना का तर्क क्या है, यह स्पष्ट किया जाए। ईशनिंदा का अपराध करने वाले ऐसे व्यक्ति के पीछे उसके किसी संगी–साथी की कुटिल मंशा काम करती दिखती है।'' उन्होंने कहा, ''ऐसे निंदात्मक विषय पर तो हर राजनीतिक दल और उसके समर्थक भी इस तथाकथित वाचक के विरुद्ध एकजुट हो गए हैं। अगर इसे नहीं रोका गया तो इससे समाज में अशांति और असंतोष का वैमनस्यकारी वातावरण बनेगा। ये अक्षम्य पाप है, ऐसे व्यक्ति को समाज, सनातन, देश हित में निरुद्ध–अवरुद्ध करना ही एकमात्र उपाय है।'' उन्होंने सनातन धर्म के खिलाफ कुछ घटनाओं का उल्लेख करते हुए सवाल उठाया कि ''ये सब अनायास ही नहीं हो रहा, इसके पीछे कोई तो है जो इस छल–कुचक्र को रच रहा है। अब वे सब कहां हैं जो अपने को सनातन का ठेकेदार मानते हैं, क्या वो अपने परंपरागत भूमिगत निवास में जाकर छिप गए हैं।'' सपा प्रमुख ने कहा कि हर सच्चा सनातनी दोनों अवतारों का उपासक होता है और इस अनुचित तुलना से सनातन समाज के साथ–साथ अन्य समाजों के लोग भी आहत हुए हैं।

चुनाव हारे तो क्या होगा?

अमेरिका में मिड टर्म इलेक्शन होने जा रहे हैं और इस चुनाव पर सिर्फ अमेरिका ही नहीं भारत समेत पूरी दुनिया की नजरें हैं। इसकी वजह है कि इस चुनाव से तय होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डा. `नाल्ड ट्रंप को अगले 2 साल तक संसद का साथ मिलेगा या फिर उनके सामने विपक्ष की ऐसी दीवार खड़ी हो जाएगी जिसे पार करना आसान नहीं होगा। ट्रंप ने अपनी रिपि. ब्लकन पार्टी को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। लेकिन मुकाबला दिलचस्प है। एक तरफ रिपब्लिकन पार्टी अपना बहुमत बचाने में जुटी है तो दूसरी तरफ डेमोक्रेटिक पार्टी संसद के दोनों सदनों में वापसी की कोशिश कर रही है। अब सवाल है कि आखिर अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव 4 साल में होता है। दरअसल अमेरिका में राष्ट्रपति का कार्यकाल 4 साल का होता है। लेकिन वहां संसद यानी कांग्रेस के चुनाव हर 2 साल में होते हैं। जब यह चुनाव राष्ट्रपति के 4 साल के कार्यकाल के बीच में होते हैं तो इन्हें मिड टर्म इलेक्शन कहा जाता है। अमेरिका की संसद के दो सदन हैं। पहला हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स दूसरा सीनेट। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स को आप भारत की लो. कसभा की तरह समझ सकते हैं और सीनेट को राज्यसभा की तरह।लेकिन दोनों देशों के चुनावी सिस्टम में एक बड़ा अंतर है।

भारत में लोकसभा सांसद 5 साल के लिए चुने जाते हैं। जबकि अमेरिका में हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के सदस्यों का कार्यकाल सिर्फ 2 साल का होता है। इसलिए इस बार हाउस की सभी 435 सीटों पर चुनाव होगा। वहीं सीनेट में कुल 100 सीटें होती हैं। यहां सेटर 6 साल के लिए चुने जाते हैं। लेकिन सभी सीटों पर एक साथ चुनाव नहीं होता। हर 2 साल में लगभग 1ध्3 सीटों पर चुनाव होता है। इस बार 33 नियमित और दो विशेष चुनावों के जरिए कुल 35 सीटों पर वोटिंग होगी। यानी 3 अक्टूबर को अमेरिकी जनता यह तय करेगी कि कांग्रेस के दोनों सदनों में किस पार्टी का दबदबा रहेगा और यही वजह है कि यह चुनाव डोनाल्ड ट्रंप के लिए बेहद अहम है। फिलहाल रिपब्लिकन पार्टी के पास हाउस और सीनेट दोनों में बहुमत है लेकिन यह बहुमत बहुत मामूली है और हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के पास 218 सीटें हैं। जबकि सीनेट में उसके पास 53 सीटें हैं। अब अगर डेमोक्रेटिक पार्टी इन दोनों सदनों में से किसी एक में भी बहुमत हासिल कर लिया, तो ट्रंप के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। क्योंकि अमेरिका में कानून बनाने का काम कांग्रेस करती है। राष्ट्रपति अपनी योजनाएं जरूर पेश कर सकते हैं, लेकिन उन्हें लागू करने के लिए कई मामलों में संसद का समर्थन जरूरी होता है। ऐसे में अगर डेमोक्रेटिक हाउस या सीनेट पर नियंत्रण आसानी से कर लेते हैं, तो वह ट्रंप के प्रस्तावों को रोक सकते हैं। सरकारी बजट पर सवाल उठा सकते हैं और उनकी पॉलिसीज को लेकर भी जांच शुरू कर सकते हैं। यहां तक कि ट्रंप प्रशासन के फैसलों की जांच के लिए संसदीय कमेटियों का इस्तेमाल किया जा सकता है। भ्रष्टाचार के आरोप हो, वाइट हाउस में बाल रूम बनाने का विवाद हो या आईसी एजेंट्स की कारवाई विपक्ष इन मुद्दों पर ट्रंप प्रशासन से जवाब मांग सकता है। डेमोक्रेटिक पार्टी में ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की मांग को लेकर भी बहस होती रही है। हालांकि महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करना और राष्ट्रपति को पथ हटाना दो अलग–अलग संवैधानिक प्रक्रियाएं हैं। लेकिन अगर रिपब्लिकन पार्टी दोनों सदनों में अपना बहुमत बचा लेती है तो ट्रंप को अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने में संसदीय स्तर पर ज्यादा सहयोग मिलेगा। अब बात करते हैं उन मुद्दों की जिन पर इस बार अमेरिकी जनता वोट करेगी। अमेरिका में क्या है चुनावी मुद्दे? पहला महंगाई और अर्थव्यवस्था। अमेरिका में आम लोगों के लिए रोजमर्रा की चीजों की कीमतें, घर का खर्च और रोजगार जैसे सवाल अहम बन गए हैं। दूसरा ट्रंप की टेरिफ पॉलिसी। ट्रंप दूसरे देशों से आने वाले सामान पर टेरिफ लगाने की नीति अपना रहे हैं।

Microfinance recovery agents accused of causing 39-year-old man's death in Nelamangala

Vinod M Jain

Agents allegedly kicked moving motorcycle while attempting to seize it;victim succumbed to injuries.A 39-year-old man died after allegedly being knocked off his moving motorcycle by recovery agents of L&T Microfinance who were attempting to seize the vehicle over non-payment of loan instalments in Nelamangala.The deceased, Murali,a resident of T.Begur in Nelamangala taluk,succumbed to his injuries at Victoria Hospital in Bengaluru late on Saturday night.According to the complaint,the incident occurred last Wednesday when Murali was travelling from Nelamangala towards his native village. Near Budihalu,three recovery agents of L&T Microfinance allegedly intercepted his motorcycle over pending loan instalments.Murali reportedly told the agents that he would stop the vehicle ahead and continued riding. However,the agents allegedly chased him and kicked the moving motorcycle,causing him to lose control and fall on the road.He sustained serious injuries in the fall.His wife,Lalitha, rushed him to Victoria Hospital for treatment. Murali was already suffering from kidney failure and undergoing regular dialysis after both his kidneys had failed. His existing health condition,coupled with the injuries sustained in the incident, reportedly complicated his treatment.

